# C. S. (MAIN) EXAM, 2009

**Serial No.** 0451 | **C–DTN–J–DBA**

## COMMERCE AND ACCOUNTANCY

### Paper—I

*Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 300*

### INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Question Nos. **1** and **5** which are compulsory, and any **three** of the remaining questions selecting at least **one** question from each Section.*

*Assume suitable data if considered necessary and indicate the same clearly.*

*All questions carry equal marks.*

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION—A

1. Attempt any **THREE** of the following in not more than **200** words each :— (20×3=60)

   (a) Describe the basic information processing model of an accounting system. 20

   (b) Explain the audit procedure for conducting the audit of a Non-governmental Organization (NGO). 20

   (c) "Maximising the value of the company to its shareholders is consistent with the company exercising considerable social responsibilities." Discuss. 20

   (d) Comment on any likely conflict of interest between the sales manager and the finance manager of a company, with regard to the company's credit policy. 20

2. (a) A limited company issued a prospectus inviting applications for 2,000 equity shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share payable as follows :

   On application Rs. 2;

   On allotment Rs. 5 (including premium);

   On first call Rs. 3;

   On second and final call Rs. 2

## खण्ड—क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक **200** से ज्यादा शब्दों में नहीं होने चाहिए :— (20×3=60)

   (क) लेखाकरण प्रणाली के आधारिक सूचना प्रक्रमण माडल का वर्णन कीजिए। 20

   (ख) गैर-सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) के लेखापरीक्षा का संचालन करने के लिए लेखापरीक्षा कार्यविधि को स्पष्ट कीजिए। 20

   (ग) "अपने शेयरधारियों के लिए कंपनी के मूल्य का अधिकतमकरण करना कंपनी द्वारा बड़ी मात्रा में सामाजिक उत्तरदायित्वों के पालन करने के सुसंगत है।'' इस पर चर्चा कीजिए। 20

   (घ) कंपनी की उधार नीति के संबंध में, कंपनी के विक्रय प्रबंधक और वित्त प्रबंधक के बीच हितों के किसी संभावित परस्पर विरोध पर टिप्पणी कीजिए। 20

2. (क) एक लिमिटेड कंपनी ने, रु. 2 प्रति शेयर की बढ़ौती पर, प्रत्येक रु. 10 के 2,000 ईक्विटी शेयरों के लिए आवेदन आमंत्रित करने के लिए, जो निम्नानुसार देय थे, एक प्रौस्पैक्टस जारी किया :

   आवेदन पर रु. 2;
   आबंटन पर रु. 5 (बढ़ौती सहित);
   प्रथम मांग पर रु. 3;
   दूसरी और अंतिम मांग पर रु. 2



(Contd.)

Applications were received for 3,000 shares and pro-rata allotment was made on the applications for 2,400 shares. Money overpaid on applications was employed on account of sum due on allotment. Shree, to whom 40 shares were allotted, failed to pay the allotment money and on her subsequent failure to pay the first call, her shares were forfeited. Pooja, the holder of 60 shares, failed to pay the two calls, and her shares were forfeited after second call.

Of the shares forfeited, 80 shares were re-issued to Naman credited as fully paid @ Rs. 9 per share, the whole of Shree's shares being included.

Pass the necessary journal entries and prepare the cash book of the company. 30

(b) Describe the disclosure requirements for amalgamation including additional disclosure, if any, for different methods of amalgamation as per AS-14. 30

3. (a) IGNOU conducts a special course on computer applications for a month during summer. For this purpose, an entrance examination held which is spread over four days, one examination per day. Each candidate is charged fee of Rs. 50 for taking

आवेदन 3,000 शेयरों के लिए प्राप्त हुए और आवेदनों पर यथानुपात आबंटन 2,400 शेयरों के लिए किया गया। आवेदनों पर अधिक अदा राशियां, आबंटन पर देय राशि के हिसाब में इस्तेमाल की गई। श्री, जिसको 40 शेयरों का आबंटन किया गया था, आबंटन रक़म को अदा करने में विफल रही और उसके पश्चात् प्रथम मांग को भी अदा करने में विफल होने पर उसके शेयर ज़ब्त कर लिए गए। पूजा, जो 60 शेयरों की शेयरधारी थी, दोनों मांगों को अदा करने में विफल रही, और दूसरी मांग के बाद उसके शेयरों को ज़ब्त कर लिया गया।

ज़ब्त किए गए शेयरों में से, रु. 9 प्रति शेयर की दर से पूर्णदत्त के रूप में सर्जित 80 शेयर नमन को पुन: जारी कर दिए गए। इन शेयरों में श्री के सभी शेयर शामिल थे।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए और कंपनी की रोकड़ बही तैयार कीजिए। 30

(ख) समामेलन के लिए प्रकटन आवश्यकताओं का, और ए.एस.-14 के अनुसार समामेलन की विभिन्न विधियों के लिए अतिरिक्त प्रकटन आवश्यकताओं का, यदि कोई हो तो, वर्णन कीजिए। 30

3. (क) इग्नू ग्रीष्म के दौरान एक महीने के लिए कंप्यूटर अनुप्रयोगों पर एक विशेष पाठ्यक्रम का संचालन करती है। इस प्रयोजन के लिए, एक प्रवेश परीक्षा ली जाती है, जो चार दिनों तक चलती है, एक परीक्षा प्रति दिन के हिसाब से। प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए, प्रत्येक उम्मीदवार से रु. 50 की

up the entrance test. The following data was gathered for the past two years :—

**Statement of Revenue from the Entrance Test**

| | 2007-08 Rs. | 2008-09 Rs. |
|---|---|---|
| Gross Revenue collected | 1,00,000 | 1,50,000 |
| **Cost :** | | |
| Valuation | 40,000 | 60,000 |
| Question Booklets | 20,000 | 30,000 |
| Hall Rent @ Rs. 2000 per day | 8,000 | 8,000 |
| Honorarium to Administrator | 6,000 | 6,000 |
| Supervision charges (one Supervisor for every 100 candidates @ Rs. 50 per day) | 4,000 | 6,000 |
| General Administrative Overhead | 6,000 | 6,000 |
| **Total Cost** | 84,000 | 1,16,000 |
| Net Revenue | 16,000 | 34,000 |

You are required to compute :

(i) The budgeted net revenue if 4,000 candidates take up the entrance test in 2009-10.



(Contd.)

फीस वसूल की जाती है। पिछले दो वर्षों के लिए निम्नलिखित आंकड़े एकत्रित किए गए थे :—

**प्रवेश परीक्षा से प्राप्त आय का विवरण**

| | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|
| | रु. | रु. |
| एकत्रित सकल आय | 1,00,000 | 1,50,000 |
| **लागत** : | | |
| मूल्यांकन | 40,000 | 60,000 |
| प्रश्न पुस्तिकाएं | 20,000 | 30,000 |
| हाल किराया रु. 2000 प्रति दिन की दर से | 8,000 | 8,000 |
| प्रशासक को मानदेय | 6,000 | 6,000 |
| पर्यविक्षण प्रभार (प्रति 100 उम्मीदवारों पर एक पर्यविक्षक @ रु. 50 प्रति दिन) | 4,000 | 6,000 |
| सामान्य प्रशासनिक उपरिप्रभार | 6,000 | 6,000 |
| कुल लागत | 84,000 | 1,16,000 |
| निवल आय | 16,000 | 34,000 |

आपको निम्नलिखित का परिकलन करना है :—

(i) यदि 2009-10 में 4,000 उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा में बैठें, तो बजटित निवल आय।



(Contd.)

(ii) The break-even number of candidates.

(iii) The number of candidates to be enrolled if the net revenue of Rs. 20,000 is desired.

5+15+10

(b) A certain chemical process yields 75% of material introduced as main product and 20% as by-product, 5% being lost. In the process one unit of main product requires double the materials required for a unit of by-product. Further one unit of main product needs 1½ times the time needed for one unit of by-product. Overheads are absorbed in the ratio 3 : 1. During a month 4,000 units of raw materials at a cost of Rs. 68,000 were introduced. Wages and overheads incurred were Rs. 21,200 and Rs. 10,800 respectively and wastage realised Rs. 1,200. Ascertain the cost of both the products and prepare Process Account. 30

4. (a) Mrs. Ganga received the following amounts during the financial year 2008-09 :—

| | Rs. |
|---|---|
| Gross Salary | 6,00,000 |
| Family pension @ Rs. 1,500 p.m. | 18,000 |

(ii) उम्मीदवारों की संतुलन-स्तर (ब्रेक ईवन) संख्या

(iii) यदि रु. 20,000 की निवल आय वांछित हो तो पंजीयन किए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या।

5+15+10

(ख) एक विशेष रासायनिक प्रक्रम पदार्थ के 75% को मुख्य उत्पाद के रूप में, और 20% को उप-उत्पाद के रूप में उत्पन्न करता है। 5% नष्ट हो जाता है। प्रक्रम में मुख्य उत्पाद की एक इकाई के लिए, उप-उत्पाद की एक इकाई के लिए आवश्यक से दुगने पदार्थ की आवश्यकता होती है। इसके अलावा मुख्य उत्पाद की एक इकाई के लिए, उप-उत्पाद की एक इकाई के लिए आवश्यक समय का 1½ गुने समय की आवश्यकता होती है। उपरिव्यय 3 : 1 के अनुपात में अवशोषित हो जाते हैं। एक महीने के दौरान, रु. 68,000 की लागत पर कच्चे माल की 4,000 इकाइयां सन्निविष्ट की गई थीं। मजदूरियों और उपरिव्ययों पर क्रमशः रु. 21,200 और रु. 10,800 खर्च हुए और अपशिष्ट की बिक्री से रु. 1,200 प्राप्त हुए । दोनों उत्पादों की लागत को मालूम कीजिए और प्रक्रम लेखा तैयार कीजिए। 30

4. (क) श्रीमती गंगा ने वित्तीय वर्ष 2008-09 के दौरान निम्नलिखित राशियां प्राप्त कीं :—

| | रु. |
|---|---|
| सकल वेतन | 6,00,000 |
| परिवार पेंशन @ रु. 1,500 प्र.मा. | 18,000 |

| | Rs. |
|---|---|
| Income of a minor child | 6,000 |
| Accumulated balance in provident fund of her husband after his death | 1,00,000 |
| Gratuity received after the death of her husband | 80,000 |

Calculate taxable income and tax liability of Mrs. Ganga for the assessment year 2009-10. 30

(b) R Ltd. is considering a new automatic blender. The new blender would last for 10 years and would be depreciated to zero over the 10 year period. The old blender would also last for 10 more years and would be depreciated to zero over the same 10 year period. The old blender has a book value of Rs. 10,000 but could be sold for Rs. 15,000 (the original cost was Rs. 20,000). The new blender would cost Rs. 50,000. It would reduce labour expense by Rs. 8,000 a year. The company is subject to a 50% tax rate on regular income and a 30% tax rate on capital gains. Their cost of capital is 8%. There is no investment tax credit in effect.

(i) Identify all the relevant cash flows for this replacement decision.

(ii) Compute the present value, net present value and profitability index.

(iii) Is this an attractive project ? 30

| | रु. |
|---|---|
| अवयस्क बच्चे की आय | 6,000 |
| पति की मृत्यु के पश्चात् उसकी भविष्य निधि में संचित शेष | 1,00,000 |
| पति की मृत्यु के बाद प्राप्त उपदान राशि | 80,000 |

निर्धारण वर्ष 2009-10 के लिए, श्रीमती गंगा की करयोग्य आय और कर-देयता का परिकलन कीजिए। 30

(ख) आर लिमिटेड एक नए स्वचालित ब्लैंडर पर विचार कर रही है। नया ब्लैंडर 10 साल तक चलेगा और 10 साल अवधि पर शून्य तक मूल्यह्रासित हो जाएगा। पुराना ब्लैंडर भी 10 साल और चलेगा और उसी 10 वर्ष की अवधि पर शून्य तक मूल्यह्रासित हो जाएगा। पुराने ब्लैंडर का खाता मूल्य रु. 10,000 है, परंतु उसको रु. 15,000 में बेंचा जा सकता है (उसकी मूल लागत रु. 20,000 थी)। नए ब्लैंडर की लागत रु. 50,000 होगी। उससे श्रम लागत में प्रति वर्ष रु. 8,000 की कमी आएगी। कंपनी पर नियमित आय पर 50% कर दर और पूंजीगत लाभ पर 30% कर दर लगती है। पूंजी की लागत 8% है। कोई निवेश कर-समंजन लागू नहीं है।

(i) इस प्रतिस्थापन निर्णय के लिए सभी संगत रोकड़ प्रवाहों की पहचान कीजिए।

(ii) वर्तमान मूल्य, निवल वर्तमान मूल्य और लाभकारिता सूचकांक का परिकलन कीजिए।

(iii) क्या यह एक आकर्षक परियोजना है ? 30



(Contd.)

## SECTION—B

5. Comment on any **THREE** of the following in not more than **200** words each :— (20×3=60)

   (a) Requirements of Accounting Standard-II for Foreign Exchange Transactions. 20

   (b) Diluted Earning per share. 20

   (c) Cost-Volume-Profit Analysis. 20

   (d) Activity Based Costing and its salient features. 20

6. (a) Below are given some figures relating to three companies carrying on the same type of business, for the year 2008-09. State which company, in your opinion, has put in the best performance and has followed the best financial policies :

| | **A Ltd.** | **B Ltd.** | **C Ltd.** |
|---|---|---|---|
| Net Block to Net Worth | 1·70 | 0·83 | 0·90 |
| Current Ratio | 0·94 | 1·32 | 1·03 |
| Liquid Ratio | 0·75 | 0·68 | 0·22 |
| Gross Profit Ratio (in %) | 20 | 15 | 12 |

## खण्ड—ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणियां कीजिए, जो प्रत्येक **200** से ज्यादा शब्दों में नहीं होनी चाहिए :— (20×3=60)

   (क) विदेशी मुद्रा लेनदेनों के लिए लेखाकरण मानक-II की आवश्यकताएं। 20

   (ख) प्रति शेयर तनूकृत अर्जन। 20

   (ग) लागत-परिमाण-मुनाफ़ा विश्लेषण। 20

   (घ) कार्यकलाप आधारित लागत-निर्धारण और उसके महत्वपूर्ण लक्षण। 20

6. (क) तीन ऐसी कंपनियों, जो एक ही प्रकार के कारोबार में लगी हैं, से संबंधित वर्ष 2008-09 के लिए कुछ आंकड़े नीचे दिए गए हैं। बताइए कि आपके मतानुसार किस कंपनी ने सबसे बढ़िया कार्य-निष्पादन किया है और सबसे अच्छी वित्तीय नीतियों का अनुसरण किया है :

| | क लिमिटेड | ख लिमिटेड | ग लिमिटेड |
|---|---|---|---|
| निवल संपत्ति पर निवल ब्लाक | 1·70 | 0·83 | 0·90 |
| चालू अनुपात | 0·94 | 1·32 | 1·03 |
| तरलता अनुपात | 0·75 | 0·68 | 0·22 |
| सकल मुनाफा अनुपात (% में) | 20 | 15 | 12 |

| | A Ltd. | B Ltd. | C Ltd. |
|---|---|---|---|
| Capital Turnover Ratio | 1·50 | 2·50 | 3·50 |
| Dividend Pay-out Ratio (in %) | 40 | 25 | 50 |
| Net Profit Rate (in %) | 8 | 6 | 3 |

30

(b) What are divisible profits ? Explain various provisions of Companies Act regarding distribution of dividends. What is duty of an auditor in this regard ? 30

7. (a) The standard mix for each batch of 100 units of product A is :

Material A 6 kgs. @ Rs. 15

Material B 4 kgs. @ Rs. 10

During a month 10 batches were completed with actual consumption as follows :

Material A 63 kgs. @ Rs. 14

Material B 39 kgs. @ Rs. 11

Actual output during the month was 960 units. Calculate Material Cost Variances for detailed analysis and control. 30

| | क लिमिटेड | ख लिमिटेड | ग लिमिटेड |
|---|---|---|---|
| पूंजी आवर्त अनुपात | 1·50 | 2·50 | 3·50 |
| लाभांश पे-आउट अनुपात (% में) | 40 | 25 | 50 |
| निवल मुनाफा दर (% में) | 8 | 6 | 3 |

30

(ख) विभाज्य मुनाफे क्या होते हैं ? लाभांशों के वितरण के संबंध में कंपनी अधिनियम के विभिन्न उपबंधों को स्पष्ट कीजिए। इस संबंध में लेखापरीक्षक के क्या कर्तव्य हैं ? 30

7. (क) उत्पाद क की 100 इकाइयों के प्रत्येक बैच के लिए मानक मिश्रण निम्नलिखित हैं :

सामग्री क 6 kgs. @ रु. 15

सामग्री ख 4 kgs. @ रु. 10

एक महीने के दौरान 10 बैच पूरे किए गए जिनकी वास्तविक खपत निम्नलिखित थी :

सामग्री क 63 kgs. @ रु. 14

सामग्री ख 39 kgs. @ रु. 11

उस महीने वास्तविक उत्पादन 960 इकाइयों का रहा। विस्तृत विश्लेषण और नियंत्रण के लिए सामग्री लागत प्रसरणों का परिकलन कीजिए। 30

(b) Sandeep submits the following information for the assessment year 2009-10 :

Income from Business Rs. 20,000

| Property Income | House A (Rs.) | House B (Rs.) |
|---|---|---|
| Municipal Valuation | 17,500 | 40,000 |
| Municipal taxes paid by tenant | 1,500 | 2,000 |
| Land Revenue paid | 1,000 | 8,000 |
| Rent Received | 19,000 | 34,000 |
| Insurance premium paid | 250 | 1,000 |
| Repairs paid by tenant | 250 | 9,000 |
| Interest on borrowed capital for payment of Municipal tax of house property | 100 | 200 |
| Nature of occupation | Let out for Residence | Let out for Business |
| Date of completion of construction | 1-4-1993 | 1-4-1991 |

Determine the taxable income of Sandeep for the assessment year 2009-10. 30

(ख) संदीप निर्धारण वर्ष 2009-10 के लिए निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करता है :

कारोबार से आय रु. 20,000

| संपत्ति आय | घर क (रु.) | घर ख (रु.) |
|---|---|---|
| नगरपालिका मूल्यांकन | 17,500 | 40,000 |
| किराएदार द्वारा अदा किए गए नगरपालिका कर | 1,500 | 2,000 |
| अदा किया भूमि-राजस्व | 1,000 | 8,000 |
| प्राप्त किराया | 19,000 | 34,000 |
| अदा किया बीमा प्रीमियम | 250 | 1,000 |
| किराएदार द्वारा अदा की गई मरम्मतें | 250 | 9,000 |
| गृह संपत्ति के नगरपालिका कर की अदायगी के लिए उधार पूंजी पर ब्याज | 100 | 200 |
| कब्ज़े की प्रकृति | रिहाइश के लिए किराए पर दिया | कारोबार के लिए किराए पर दिया |
| निर्माण संपूरण की तारीख़ | 1-4-1993 | 1-4-1991 |

संदीप की निर्धारण वर्ष 2009-10 के लिए करयोग्य आय का निर्धारण कीजिए। 30

8. (a) Write a note on Money Market and Capital Market in India. 30

(b) (i) Explain how VAT is an improvement over the old sales tax structure.

(ii) What do you mean by 'taxable services' in the context of service tax ? How is the value of taxable services determined ? 15+15=30

8. (क) भारत में मुद्रा बाज़ार (मनी मार्केट) और पूंजी बाजार पर एक टिप्पणी लिखिए। 30

(ख) (i) समझाइए कि पुरानी बिक्री कर संरचना पर 'वैट' किस प्रकार से एक सुधार है।

(ii) सेवा कर के संदर्भ में 'करयोग्य सेवाएं' से आप क्या अर्थ निकालते हैं ? करयोग्य सेवाओं के मूल्य का किस प्रकार निर्धारण किया जाता है ?

15+15=30

Serial No. [ ] **C–DTN–J–DBA**

# वाणिज्य व लेखाविधि

## प्रश्न-पत्र—I

*समय : तीन घण्टे* | *पूर्णांक : 300*

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं दिये जाएंगे।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*यदि आवश्यक हो तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

***Note :** English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*